प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

उत्तराखंड अंतर–विश्वविद्यालय खेल महोत्सव में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पंतनगर। 24 फरवरी 2026। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड राज्य अंतर–विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव 2025–26 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शॉटपुट पुरुष वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के योगेश संडल ने प्रथम; सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के मोहित द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के आदर्श चंद्र तृतीय स्थान पर रहे वहीं महिला वर्ग में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की भावना प्रथम, नीतू चंद्रा द्वितीय और उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की रिया पाल तृतीय स्थान पर रहीं। 5000 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के सौरभ रावत ने प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के पंकज सिंह बोरा द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के मोहित तृतीय स्थान पर रहे वहीं महिला वर्ग में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की सोनी प्रथम, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की मनीषा द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल की शिमरन तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद पुरुष वर्ग में उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के अविश सैनी प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के दीपक चंद्र द्वितीय और उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के आकाश चौहान तृतीय स्थान पर रहे वहीं महिला वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की पूजा रावत प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की लक्ष्मी रावत द्वितीय तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की कोमल राय तृतीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता के विजेताओं को विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण श्री बी.एस. चलाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, प्राध्यापक डा. एन.के. सिंह तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कोच श्री नागेन्द्र शर्मा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोरा, डा. पूनम त्यागी, डा. राजीव रंजन, डा. भास्कर तिवारी, डा. पारस, श्री प्रभाकर जोशी एवं चीफ रेफरी श्री रमेश खरकवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।